nt>

Title: Need to execute the work under 'Sam Vikas Yojna' in District Unnao, Uttar Pradesh through Central Agencies.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : उपाध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव जनपद को राट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है तथा इस योजना के अंतर्गत उन्नाव जनपद के लिए केन्द्रीय धन का आवंटन भी कर दिया गया है।

राट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत कार्य को करवाये जाने के लिए जिला स्तर से यह रिपोर्ट भेजी गयी थी कि लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सरकारी एजेंसियों के माध्यम से कार्य को संपन्न करवाया जायेगा। लेकिन जिला स्तर पर सम विकास योजना के अंतर्गत कार्य को करवाये जाने के लिए 5 एनजीओज को चयनित किया गया है। यदि उक्त 5 एनजीओज के माध्यम से कार्य को करवाया जाता है तो फिर उसका समुचित लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल सकेगा।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि यदि राट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के लिए आवंटित केन्द्रीय धनराशि को जिला स्तर पर उपरोक्त पांचों एनजीओज को आवंटित कर दिया गया है तो तत्काल प्रभाव से इस केन्द्रीय धनराशि के आवंटन को निरस्त किये जाने हेतु निर्देश दिये जाएं और सरकारी एजेंसियों के माध्यम से इस कार्य को संपन्न करवाया जाए।